## एक नजर में

### 50 हजार के कर्ज पर हड़पी जमीन किसान को वापस

**बैतूल.** बैतूल जिले के आमला में एक किसान को बड़ी राहत मिली, जब एसडीएम न्यायालय ने साहूकार द्वारा दबाव बनाकर कराई गई जमीन की रजिस्ट्री को अवैध ठहराते हुए उसे निरस्त कर दिया और जमीन किसान को लौटा दी. वर्ष 2020 में किसान बिसनलाल ने हथनोरा निवासी साहूकार से 50 हजार रुपये कर्ज लिया था. आरोप है कि साहूकार ने कोरे चैक लिए और बाद में धमकाकर 0.202 हेक्टेयर जमीन की रजिस्ट्री करा ली. जांच में सामने आया कि साहूकार 48 फीसदी सालाना ब्याज वसूल कर चुका था और 50 हजार के बदले करीब तीन लाख रुपये ले चुका था.

### विक्रम विवि में शुरू होगा सीएसबीएस कोर्स

**उज्जैन.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी के बाद अब कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम्स (सीएसबीएस) कोर्स शुरू किया जा रहा है. इसके लिए 20 अगस्त को विश्वविद्यालय और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के बीच एमओयू होगा. इस अवसर पर टीसीएस के ग्लोबल हेड के. सुचेंद्रन भी विवि आएंगे. कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री लगातार विवि को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रयासरत हैं. सीएसबीएस कोर्स छात्रों को तकनीकी और प्रबंधन से उन्हें रोजगारपरक बनाएगा.

# ड्रग माफिया को संरक्षण दे रही है भाजपा : नायक



स्टाफ संवाददाता

**भोपाल, 19 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. मीडिया से बातचीत में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश अब उड़ता मध्यप्रदेश बन चुका है और नशीले पदार्थों के अनियंत्रित प्रसार के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार हैं.**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, जो गृहमंत्री भी हैं, संगठित अपराध पर नकेल कसने में विफल रहे हैं और माफिया तंत्र को संरक्षण देकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं. डॉ. नायक ने बताया कि 18 अगस्त को भोपाल के पास जगदीशपुर स्थित एक फैक्ट्री से 92 करोड़ की 61.2 किलो एमडी ड्रग्स को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जब्त की गई. उन्होंने सवाल उठाया, यह फैक्ट्री वर्षों से चल रही थी, लेकिन प्रदेश पुलिस को भनक तक क्यों नहीं लगी? आखिर केवल केंद्रीय एजेंसियां ही ऐसे मामलों का खुलासा क्यों करती हैं? गृह मंत्रालय कहां था?

उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में 1,814 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्ती मामले में मुख्य आरोपी हरीश अंजन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का करीबी था. डॉ. नायक ने पूछा, क्या यह काला धन भाजपा के चुनावी कोष में जा रहा है? उन्होंने देवड़ा का इस्तीफा मांगा है. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भोपाल, इंदौर, झाबुआ और मालवा क्षेत्र में भाजपा नेताओं के रिश्तेदार बार-बार नशे के मामलों में पकड़े गए हैं. यह संयोग नहीं, बल्कि साजिश और मिलीभगत है. डॉ. नायक ने चेतावनी दी कि नशा विद्यालयों और महाविद्यालयों तक पहुंच चुका है, जिससे परिवार टूट रहे हैं और अपराध बढ़ रहे हैं. समाज बिखर रहा है और सरकार इस व्यापार में साझेदार की तरह मौन है. कांग्रेस ने कहा कि यदि माफिया और उनसे जुड़े नेताओं पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन करेंगे.

### पटवारी बोले- प्रदेश बन गया नशे का अड्डा



**भोपाल.** नशे के कारोबार पर फिर से बड़ी कार्रवाई हुई है. पुलिस ने शहर से 61.2 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत करीब 92 करोड़ रुपये बताई जा रही है. यह नशीली दवा एक अवैध फैक्ट्री में बनाई जा रही थी. लगातार हो रही इस तरह की बरामदगी से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर प्रदेश नशे का अड्डा क्यों बनता जा रहा है.

#### सवालों के घेरे में सरकार

इस कार्रवाई के बाद विपक्षी दलों ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है. कांग्रेस प्रवक्ता जीतू ने ट्वीट कर सवाल उठाया है कि सरकारी नाक के नीचे करोड़ों का नशीला कारोबार सरकार की मदद के बगैर संभव नहीं. आखिर अपने समर्थकों के नाम कब तक छुपाए जाएंगे? विपक्ष का आरोप है कि नशे के इस पूरे नेटवर्क को सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण प्राप्त है. मामले पर अब तक मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की ओर से स्पष्ट बयान नहीं आया है.

# जेल में कैदी का उत्पात, प्रहरी से की मारपीट

- गैंगस्टर शाकिर चाचा का पोता जेल में बेकाबू
- प्रहरी की वर्दी फाड़ी, धारदार वार से लहूलुहान किया




नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिला जेल में बंद गैंगस्टर शाकिर चाचा का पोता अनस उर्फ मंजरा एक बार फिर हंगामे की वजह बना. सोमवार सुबह उसने ड्यूटी पर तैनात प्रहरी के साथ जमकर हाथापाई की, उसकी वर्दी फाड़दी और धारदार वस्तु से हमला कर उसे घायल कर दिया. घटना के बाद जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई.**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक जेल प्रहरी दिनेश यादव की रिपोर्ट पर आरोपी कैदी अनस के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. बताया गया कि सुबह करीब 9 बजे वार्ड-5 से वार्ड-6 की ओर जा रहे अनस को प्रहरी ने रोका तो वह भड़क उठा और उससे मारपीट करने लगा. रोकने पर उसने दिनेश के चेहरे पर धारदार वस्तु से वार कर दिया, जिससे प्रहरी लहूलुहान हो गया. जेल सूत्रों के अनुसार कैदियों के एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जाना प्रतिबंधित है, लेकिन अनस आए दिन जबरन अन्य वार्डों में घुस जाता है. डेढ़ साल पहले लूट के मामले में गिरफ्तार होकर जेल भेजा गया अनस पहले भी कई बार उपद्रव कर चुका है. 1 जनवरी 2025 को उसके साथियों ने जेल में उत्पात मचाते हुए हत्या के आरोप में बंद पांच कैदियों पर ब्लेड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया था.

### आधा दर्जन है अधिक प्रकरण दर्ज

जेलर मनोज जायसवाल ने बताया कि अनस उर्फ मंजरा के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. उसके कुछ साथियों को हाल ही में भेरूगढ़ जेल स्थानांतरित किया था. अधिकारी मान रहे हैं कि लगातार उपद्रव करने वाले इस आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है.

# कैबिनेट में छाया रहा खाद संकट का मामला



- सीएम ने किया आश्वस्त, नहीं होगी कमी
- 5.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 अगस्त. प्रदेश में खाद संकट का मामला मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट में एक बार फिर छाया रहा.**

मंत्रियों ने उनके प्रभार के साथ ही गृह जिले से मिल रहे फीडबैक के आधार पर किसानों को खाद नहीं मिलने का मामला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने उठाया. उनका तर्क था कि किसानों को समय पर खाद मिलना चाहिए. खाद नहीं मिलने से आक्रोश की स्थिति बनती है, इसका फायदा कतिपय लोग उठाते हैं और किसानों को भड़काने में भी पीछे नहीं रहते. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में मक्के का रकबा 5 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है, इस कारण यूरिया की मांग बढ़ गई है. अगले डेढ़ माह में प्रदेश को 5.60 लाख मीट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है. मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यूरिया का कुल भंडारण 15.60 लाख मेट्रिक टन है, जिसमें से 13.92 लाख मेट्रिक टन किसानों को वितरित किया गया है और 1.68 लाख मेट्रिक टन यूरिया शेष है. इससे पहले भी प्रदेश में खाद की कमी का मामला अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान उठ चुका है.

अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में पूंजीगत व्यय में वृद्धि वाले प्रथम तीन राज्यों में मप्र ने अपना स्थान बनाया है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर किए गए नवाचार के संबंध में मंत्रियों से फीडबैक लिया. स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सभी जिलों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया. जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने संबंधित जिले में विगत डेढ-पौने दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया. सभी जिलों की विकास गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति पर सभी जिलों में पुस्तकें प्रकाशित की जाएं और विधिवत आयोजन कर विमोचन किया जाए.

# कटनी की अर्चना तिवारी का ग्वालियर कनेक्शन

## 13 दिन बाद परिजनों से की बात, बोली-वह जहां है, सुरक्षित है

**कटनी, 19 अगस्त. ट्रेन से रहस्यमयी ढंग से लापता हुई कटनी निवासी अर्चना तिवारी का आखिरकार सुराग मिल गया है. 13 दिन बाद अर्चना ने फोन कर परिजनों से संपर्क किया और खुद को सुरक्षित बताया.**

इसकी पुष्टि अर्चना के ममेरे भाई और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा ने की है. उन्होंने बताया कि अर्चना ने साफ कहा है कि वह जहां है, सुरक्षित है और जल्द ही इस मामले का खुलासा रेल पुलिस करेगी. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अर्चना कहां पर है, लेकिन परिवार को उसकी कुशलता की खबर मिलते ही कुछ राहत जरूर मिली है.



पुलिस ने आरक्षक राम तोमर का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है. शुरुआती जांच में राम तोमर की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है. एडिशनल एसपी के अनुसार, अर्चना की लोकेशन, कॉल डीटेल्स और टिकट बुकिंग से साफ है कि वह राम तोमर के संपर्क में थी और घटना के तार वहीं से जुड़े हैं. कटनी, भोपाल और इंदौर में बीते एक सप्ताह से जांच कर रही जीआरपी को अब ग्वालियर पुलिस की मदद से अहम सुराग मिले हैं. पुलिस का दावा है कि जांच पूरी होते ही पूरे मामले से पर्दा हटा दिया जाएगा.

जांच में अब ग्वालियर का कनेक्शन सामने आया है. जीआरपी ग्वालियर के एएसआई एचएन सिंह के अनुसार, अर्चना के ग्वालियर में होने की जानकारी मिली है और उसकी तलाश तेज़ कर दी गई है. इस बीच झांसी रोड थाना पुलिस ने एक अहम संदिग्ध आरक्षक राम तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, राम तोमर ने ही इंदौर से ग्वालियर तक का ट्रेन टिकट अर्चना के लिए बुक कराया था. फोन कॉल रिकॉर्डिंग और लोकेशन डेटा से पता चला है कि अर्चना और राम तोमर के बीच लगातार संपर्क बना हुआ था.

### रानी कमलापति से गया के लिए पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**भोपाल.** पितृपक्ष के पावन अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रानी कमलापति से गया तक विशेष स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल प्रवक्ता ने बताया कि पितृपक्ष के दौरान गया में पिंडदान और तर्पण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं. इसको देखते हुए गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया स्पेशल सात, 12 और 17 सितंबर को दोपहर 1:20 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 9:30 बजे गया पहुँचेगी. वहीं, गाड़ी संख्या 01662 गया-रानी कमलापति स्पेशल 10, 15 और 20 सितंबर को दोपहर 2:15 बजे गया से चलेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी.

# 23 तक जारी रहेगा बारिश का दौर

**मूसलाधार बारिश से भीगे कई जिले**

**मानसून ट्रफ़ सक्रिय चलेंगी तेज हवाएं**



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 19 अगस्त. मध्यप्रदेश में 23 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहेगा. प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार मूसलाधार बारिश होती रहेगी.**

मौसम विभाग ने बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन, बड़वानी, सीहोर, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, इंदौर, उज्जैन सहित जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी. मंगलवार को भी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई. जिससे कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी निर्मित हुई. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है. इस दौरान तेज गति से हवाएं भी चलेंगी. मानसून ट्रफ़ वर्तमान में, दीव, सूरत, नंदुरबार, अमरावती, दक्षिण आंतरिक ओडिशा पर डिप्रेशन के केंद्र से होकर पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है. एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण पूर्वोत्तर अरब सागर और संलग्न गुजरात पर माध्य समुद्र तल से 5.8 और 7.6 किमी की ऊंचाई के मध्य सक्रिय है.

## स्टार्टअप उद्यमी महाकुंभ का आयोजन 23 को

नवभारत न्यूज

**भोपाल. लघु उद्योग भारती ने 23 और 24 अगस्त को भोपाल के गोविंदपुरा स्थित एमएसएमई कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 'स्टार्टअप उद्यमी महाकुंभ' का आयोजन किया है.** इस दौरान गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बने लघु उद्योग भारती के नए भवन का लोकार्पण भी होगा. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा और महामंत्री अरुण सोनी ने बताया कि इस महाकुंभ में प्रदेशभर से 1000 से अधिक उद्यमियों ने पंजीयन कराया है. आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में लघु उद्योगों को बढ़ावा देना, महिला एवं युवा उद्यमियों की भागीदारी सुनिश्चित करना और व्यापार में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करना है.

# सात मौजूदा और पांच तत्कालीन कलेक्टर को मिलेगा गोल्ड मेडल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 अगस्त.** राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में बुधवार को प्रदेश के सात मौजूदा और पांच तत्कालीन कलेक्टर को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा.

ये समारोह 20 अगस्त को सबेरे 11.00 बजे राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 मौजूदा और तत्कालीन कलेक्टरों को सम्मानित करेंगे. समारोह में जिन मौजूदा कलेक्टर और तत्कालीन कलेक्टर को सम्मानित किया जाएगा, उनमें बड़वानी जिले से कलेक्टर श्रीमती गुंचा सनोबर और तत्कालीन कलेक्टर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग, दमोह जिले से कलेक्टर सुधीर कोचर, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, खंडवा जिले से कलेक्टर ऋषव गुप्ता और तत्कालीन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, निवाड़ी जिले से कलेक्टर लोकेश जांगिड़ और तत्कालीन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रेत्रिय और तत्कालीन कलेक्टर अवधेश शर्मा, विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ओर तत्कालीन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह शामिल हैं.

# धार्मिक आयोजन से निपटकर सिंहस्थ कार्यों पर फोकस

## कलेक्टर ने निगम कमिश्नर से पूछा ग्रांट होटल का क्या हुआ, सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने ली बैठक

- 29 किमी लंबे घाट, सिक्स लेन और एयरपोर्ट निर्माण का काम प्रगति पर

**उज्जैन. सावन और भादौ मास की सवारी निकल चुकी है, लाखों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर जा चुके हैं. ऐसे में अब जिला प्रशासन का फोकस सिंहस्थ के मद्देनजर होने वाले विकास कार्यों पर हो चुका है. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार को अफसर के साथ जरूरी बैठक की.**

वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को लेकर उज्जैन में तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बैठक के दौरान सिंहस्थ की प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली. यह सिंहस्थ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उज्जैन के भविष्य को आकार देने वाला आधुनिक और स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर का अवसर बन गया है.



### ग्रांट होटल देंगे लीज पर

फ्रीगंज में टॉवर और ओवर ब्रिज के बीचों-बीच नगर निगम द्वारा संचालित होने वाली ग्रांट होटल को भी निजी हाथों में देने की तैयारी चल रही है, पिछले 5 सालों से इसकी फाइल कभी उज्जैन तो कभी भोपाल में अफसरों के बीच घूमती रही है, बावजूद निर्णय नहीं हो पाया है. उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार को नगर निगम आयुक्त से पूछा कि ग्रान्ट होटल के संबंध में क्या हुआ इस पर भी चर्चा की गई.

### क्या-क्या हो रहे हैं कार्य

### 29 किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण

श्रद्धालुओं को स्नान व पूजा के लिए शिप्रा नदी के किनारे 29 किमी लंबे पक्के घाटों का निर्माण किया जा रहा है. इन घाटों को स्थायी, सुरक्षित और पर्यावरण-संवेदनशील डिज़ाइन में तैयार किया जा रहा है, ताकि भविष्य में भी इनका उपयोग किया जा सके.

### सीवरेज सिस्टम का नया जाल

पूरे सिंहस्थ क्षेत्र और शहर के संवेदनशील इलाकों में आधुनिक सीवरेज नेटवर्क बिछाया जा रहा है ताकि आयोजन के दौरान स्वच्छता बनी रहे और जल प्रदूषण रोका जा सके. यह सिस्टम लंबे समय तक काम करेगा और आम जनता को भी लाभ देगा.

### कलेक्टर का फोकस

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ केवल आयोजन नहीं, उज्जैन के समग्र विकास का माध्यम है. हम ऐसा मॉडल तैयार कर रहे हैं जो आने वाले दशकों तक काम आए. उन्होंने सभी विभागों को समयसीमा में कार्य पूरे करने के निर्देश दिए हैं.

### स्थायी कुंभ सिटी का निर्माण

कुंभ जैसे बड़े आयोजन के लिए अस्थायी व्यवस्थाओं के बजाय उज्जैन में स्थायी कुंभ सिटी विकसित की जा रही है. इसमें सड़कें, पानी, बिजली, पार्किंग, स्वास्थ्य और ठहरने की सुविधाएं स्थायी रूप से तैयार की जा रही हैं, जो हर बड़े आयोजन में उपयोगी रहेंगी.

### उज्जैन को नई ऊंचाई मिलेगी

सिंहस्थ 2028 उज्जैन को धार्मिक राजधानी के साथ-साथ आधुनिक और टिकाऊ शहर के रूप में स्थापित करने का अवसर बन गया है. घाटों से लेकर हवाई अड्डे तक, हर योजना महाकाल की नगरी को एक नई ऊंचाई देने की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है.

### उज्जैन में नया एयरपोर्ट बन रहा

श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उज्जैन में नए एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है. इससे देश और विदेश से आने वाले यात्रियों को सीधी हवाई सुविधा मिलेगी और उज्जैन को पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से एक नई पहचान मिलेगी.

### डिजिटल और स्मार्ट व्यवस्था

सिंहस्थ 2028 को स्मार्ट इवेंट के रूप में विकसित किया जा रहा है. ई-डैशबोर्ड, कंट्रोल रूम, लाइव मॉनिटरिंग, ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम और आपदा प्रबंधन से संबंधित आधुनिक तकनीक को लागू किया जा रहा है.

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्**
(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
फोन नं. 011-26131577, 78, 80 एवं 011-29581000
ईमेल : pubgrv@aicte-india.org
वेबसाईट : www.aicte-india.org

**सार्वजनिक सूचना**

**अभातशिप अनुमोदित तकनीकी संस्थाओं में रैगिंग की रोकथाम**

अभातशिप अनुमोदित सभी संस्थाओं, विद्यार्थियों तथा अन्य विभिन्न पणधारियों को सूचित किया जाता है कि रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है तथा अभातशिप द्वारा रैगिंग के निवारण, रोकथाम एवं इसे समाप्त करने के क्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाली तकनीकी संस्थाओं, मानित विश्वविद्यालयों सहित विश्वविद्यालयों में रैगिंग का निवारण तथा रोकथाम) विनियम, 2009, एफ. सं. 37 - 3 / विधिक / अभातशिप / 2009, दिनांक 01 जुलाई, 2009 तथा इसके पश्चात समय-समय पर संशोधनों को अधिसूचित किया गया है।

उपरोक्त विनियम अनिवार्य हैं तथा ये अभातशिप द्वारा अनुमोदित सभी संस्थाओं पर लागू होते हैं। अतएव, ये सभी संस्थाएं इनके समुचित अनुपालन हेतु निम्नलिखित आवश्यक कदम उठाएं

- रैगिंग-रोधी समिति तथा रैगिंग-रोधी दस्तों का गठन,
- संस्थान में प्रवेश के समय एवं छात्रावास आवंटित करते समय वचनबंध प्राप्त करना,
- वार्डनों का समर्पित कैडर तथा छात्रावासों का नियमित दौरा,
- जागरूकता पैदा करने के लिए विद्यार्थियों के साथ नियमित बैठकें,
- नए प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक परामर्शकों की नियुक्ति,

रैगिंग के कृत्यों के विरूद्ध बनाए गए कानून के प्रावधानों, दण्ड इत्यादि को प्रदर्शित करने हेतु पोस्टर / बैनर लगाना।

उपरोक्त विनियमों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने अथवा किसी भी संस्था द्वारा रैगिंग की रोकथाम हेतु उपयुक्त उपाय करने में असफल रहने अथवा इन विनियमों के अनुरूप कार्यवाही करने में असफल रहने अथवा दोषियों के उपयुक्त दण्ड देने में असफल रहने की घटनाएं पाई जाने पर संस्थाओं के विरूद्ध अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में दिए गए प्रावधानों के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

विद्यार्थी, रैगिंग की घटनाओं के कारण हुई किसी भी प्रकार की परेशानी की सूचना टोल फ्री हेल्पलाईन नं 1800-180-5522 अथवा ई-मेल helpline@antiragging.in, www.antiragging.in पर दे सकते हैं अथवा सदस्य-सचिव, अभातशिप, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 को लिख कर भेज सकते हैं।

**विज्ञापन क्रमांक:**
**पीजीआरसी/एआईसीटीई/08 (01)/2025** **सदस्य सचिव, अभातशिप**
**CBC21300/12/0009/2526**

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**